# जंगल बना दरिंदगी का अड्डा, बेरछा गैंग रेप के दो दरिंदे गिरफ्तार

- जंगल में पिकनिक स्पॉट पर जाने वाले कपल्स को बनाते थे शिकार
- खौफनाक वारदात का खुलासा, एसआईटी और ड्रोन सर्च ऑपरेशन से मिली सफलता



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बेरछा के जंगल में लंबे समय से दहशत का पर्याय बनी वारदातों का आखिरकार पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पिकनिक स्पॉट और सुनसान जंगल क्षेत्रों में घात लगाकर राहगीरों व कपल्स को निशाना बनाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जांच में सामने आया है कि ये आरोपी जंगल को अपनी आपराधिक गतिविधियों का अड्डा बनाकर मारपीट, लूट और महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे थे. एसआईटी, ड्रोन सर्च और मुखबिर तंत्र की संयुक्त कार्रवाई से इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ. इससे क्षेत्र में फैली दहशत पर कुछ हद तक लगाम लगने की उम्मीद जताई जा रही है.

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि थाना बड़गोंदा में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता मंगलवार 14 अप्रैल को अपने मित्र के साथ इंदौर से लगनसा बाबा मंदिर दर्शन के लिए गई थी. दर्शन के बाद दोनों बेरछा जंगल क्षेत्र में बैठे हुए थे. इसी दौरान दो अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे. दोनों आरोपियों में से एक ने टी शर्ट व जींस तथा दूसरे ने शर्ट पहन रखी थी. दोनों के हाथ में डंडा था. आरोपियों ने पहले पीड़िता और उसके मित्र के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे युवक मौके पर ही गिर गया. इसके बाद दोनों आरोपियों ने पीड़िता को जबरन पकड़कर मुंह दबाते हुए जंगल के अंदर घसीट लिया. वहां आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया.

वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकाया और बदनामी का डर दिखाकर मौके से फरार हो गए. इस मामले में बड़गोंदा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक और उप पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण जोन रेंज तथा पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महू के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया. एसडीओपी महू को भी विशेष रूप से जांच में लगाया गया था. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि इसी हुलिये के दो व्यक्ति दोबारा बेरछा जंगल क्षेत्र में किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं. सूचना के आधार पर एसआईटी ने तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी. पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया, पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया.

### जंगल में ड्रोन और पैदल सर्च ऑपरेशन...

मानपुर, बड़गोंदा और महू थानों की पुलिस टीमों ने बेरछा जंगल में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया. जंगल क्षेत्र में पैदल सर्च के साथ-साथ ड्रोन कैमरों की मदद भी ली गई. आसपास के मार्गों, मंदिरों और पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. संदिग्धों के स्केच जारी किए और 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था. इसके अलावा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार संदिग्धों से पूछताछ की गई.

### आरोपियों का तरीका-ए-वारदात...

जांच में सामने आया कि आरोपी बेरछा जंगल क्षेत्र में पहले से घात लगाकर बैठते थे. ये लोग पिकनिक स्पॉट, तालाब किनारे और सुनसान जंगल क्षेत्रों में शराब पीकर बैठते और आने वाले प्रेमी युगल व अन्य लोगों पर नजर रखते थे. मौका मिलते ही मारपीट कर महिलाओं के साथ दुष्कर्म और लूटपाट जैसी वारदातों को अंजाम देते थे तथा धमकी देकर फरार हो जाते थे.

### इनकी रही सराहनीय भूमिका...

एसपी भूटिया ने बताया कि इस पूरे ऑपरेशन में निरीक्षक प्रकाश वास्कले (थाना प्रभारी बड़गोंदा), निरीक्षक महेंद्र मकाश्रे (थाना प्रभारी मानपुर), एसआई अनिल चाकरे, गजा पटेल, मुन्नालाल डोडियार, संदीप अखाड़िया, एएसआई महेश वर्मा, प्र.आर. नीरज, जितेंद्र, संतोष सहित साइबर सेल के रवि तिवारी तथा अन्य पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इसके अलावा थाना महू, पुलिस लाइन एवं अन्य इकाइयों के अधिकारियों व जवानों ने भी सराहनीय सहयोग दिया.

# किराएदार सत्यापन के नाम पर ली रिश्वत

- राजेंद्र नगर थाने में होमगार्ड सैनिक पर गिरी गाज

**इंदौर.** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में किराएदार के सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद संबंधित होमगार्ड सैनिक को थाने से हटाकर विभाग को वापस भेज दिया है, जबकि मामले की जांच एसीपी स्तर पर सौंपी गई है. एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. मामले में किराएदार सत्यापन के लिए पहुंचे लोगों से होमगार्ड सैनिक संजय भदौरिया द्वारा कथित रूप से अवैध राशि की मांग की जा रही थी. इसका वीडियो सामने आने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद तत्काल संज्ञान लिया. अधिकारियों ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए संबंधित होमगार्ड को थाने से हटाकर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है. साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच एसीपी स्तर पर की जा रही है. गौरतलब है कि राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र पिछले कुछ समय से लगातार चर्चाओं में रहा है, जहां पहले भी गंभीर मामले सामने आ चुके हैं. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, थाना प्रदर्शन रैंकिंग में भी गिरावट दर्ज की गई है.

### जिलाबदर आरोपी पकड़ाया

इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में जिला बदर आरोपी को प्रतिबंधित इलाके में घूमते हुए पकड़ा. पुलिस ने उसके खिलाफ रासुका के तहत मामला दर्ज किया है. थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि देर रात करीब 8.50 बजे मेघदूत नगर नाले के पास कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय रोहित धनगर निवासी मेघदूत नगर, हाल ब्रिटिश पार्क कॉलोनी को गिरफ्तार किया. आरोपी जिला बदर आदेश के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में मौजूद मिला. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रासुका के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### आज होगी जीआरपी थाने में जब्त दोपहिया वाहनों की नीलामी

**इंदौर.** जीआरपी थाना परिसर में जब्त दोपहिया वाहनों की सार्वजनिक नीलामी शनिवार को आयोजित की जाएगी. विभिन्न मामलों में जब्त किए गए वाहन लंबे समय से परिसर में खड़े हैं, जिन्हें प्रशासनिक निर्देशों के तहत खुली बोली के जरिए नीलाम किया जाएगा. नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति शनिवार 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक थाना परिसर में पहुंचकर अपना नामांकन करा सकते हैं.

### ज्योति शेषराम मीणा बनीं मीणा समाज महिला संगठन की जिलाध्यक्ष



**इंदौर.** समाजसेविका ज्योति शेषराम मीणा को मप्र मीणा समाज महिला संगठन की इंदौर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है. यह मनोनयन मप्र मीणा समाज महिला संगठन की प्रदेशाध्यक्ष रेखा मीणा ने मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत की सहमति एवं प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा की अनुशंसा पर किया. ज्योति मीणा के मनोनयन पर प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, रमेशचन्द्र धनावत, मीडिया प्रभारी अजय बारवाल, युवा संगठन प्रदेश महामंत्री संतोष मीणा, महिला संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा निलेश मीणा, महिला संगठन प्रदेश महामंत्री वर्षा मीणा पालदा, कोमलसिंह मीणा, महेंद्रसिंह मीणा, सोनू मीणा टीएसपी, दीपा प्रकाश मीणा, सुलोचना मीणा, कमला मीणा, सरिता मीणा, ज्योति मीणा, संध्या मीणा, ऋतु मीणा आदि ने बधाई दी है.

### टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए रोचक मुकाबले



**महू.** श्री भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव के कार्यक्रमों के तहत ब्राह्मण युवा परिषद द्वारा सर्व ब्राह्मण समाज महू के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन ब्राह्मण गौरव महू थाना प्रभारी राहुल शर्मा एवं ब्राह्मण युवा परिषद के संरक्षक एवं समन्वयक पं. रवि आर्य तिवारी, विद्वत परिषद महू के अध्यक्ष कपिल शर्मा (महाराज) सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव पं. संजय शर्मा, पं. शैलेंद्र शुक्ला भगवान श्री परशुराम प्राकट्य महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं. पंकज मिश्रा, पं. वरुण कामरेड द्वारा भगवान परशुराम मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया. अतिथियों का स्वागत युवा परिषद अध्यक्ष अमित जोशी द्वारा किया गया. इस दौरान पं. राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष द्वय पं. अक्षय महर्षि एवं पं. आशीष शर्मा मौजूद थे. टीमों से परिचय ब्राह्मण युवा परिषद के अध्यक्ष पं. अमित जोशी द्वारा करवाया गया. टूर्नामेंट में अतिथियों द्वारा इनामों की घोषणा की गई, जिसमें पं. रवि आर्य विजेता टीम को 5100 विद्वत परिषद के अध्यक्ष कपिल शर्मा महाराज द्वारा भी 5100 नकद दिए गए.

### 20 से 30 अप्रैल तक चलेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**महू.** श्री परशुराम प्रकटोत्सव पर श्री परशुराम महासभा एवं दीर्घायु योग शिविर संस्था किशनगंज के संयुक्त प्रयास से मानव जीवन को स्वस्थ एवं दिर्घायु जीवन, श्वांस और धूल एनर्जी मुक्ति के लिए योग की शुद्धि क्रिया, जल निजी क्रिया शारीरिक संतुलन की जांच कर सभी प्रकार के दर्दों से मुक्ति के लिए 10 दिवसीय शिविर में विशेषज्ञों द्वारा बताया जाएगा. यह शिविर 20 से 30 अप्रैल तक चलेगा. श्री परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा एवं योगाचार्य प्रदीप दुबे ने बताया कि 10 दिवसीय शिविर पूर्णतया नि:शुल्क रहेगा.

### कर्मचारियों को एक दिन का वेतन देने की कार्रवाई शुरू

**महू.** विश्वकर्मा जयंती पर कार्य करने के एवज में मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी पश्चिम क्षेत्र के कर्मचारियों को 2008 से 2026 तक एक दिन के अतिरिक्त वेतन के भुगतान करने के आदेश दिए गए हैं. मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के मुख्य महाप्रबंधक ने सन 2008 से 2026 तक विश्वकर्मा जयंती पर कार्य करने के एवज में तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को एक दिन के अतिरिक्त वेतन के भुगतान करने के आदेश पारित किए हैं. उन्होंने शीघ्र भुगतान के लिए फंड भी स्वीकृत कर दिया है. महू संभाग सहित इंदौर ग्रामीण वृत के सभी संभागों के कर्मचारियों को एक दिन के वेतन का भुगतान करने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है. पश्चिम क्षेत्र जनता यूनियन के वरिष्ठ महासचिव शिव बहादुर सिंह, राम ढोली, अशोक यादव, राजेश तोमर, संजय विधानी, किरण खरे, कुलदीप गौर आदि ने कंपनी का आभार प्रकट किया है.

# तीन विषयों में असफल होने पर छात्रा ने जहर खाया, मौत



**इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में 12वीं परीक्षा परिणाम के तनाव में एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी.**

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि 18 वर्षीय छात्रा गुरुवार को घोषित हुए 12वीं के परिणाम में तीन विषयों में असफल हो गई थी. इसके बाद वह काफी तनाव में थी. परिजनों ने उसे समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका. मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव का पोस्टमार्टम कराया है. छात्रा के पिता कबाड़ का काम करते हैं और परिवार में एक छोटा भाई भी है.

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 93 लाख की ठगी का खुलासा




- 5 आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख रुपए फीज; कई राज्यों में फैला नेटवर्क

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भंवरकुआं पुलिस ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के खातों में जमा करीब 10 लाख रुपए की राशि भी फ्रीज कराई है.**

पुलिस उपायुक्त जोन 4 आनंद कलादगी ने बताया कि एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर निवेश से जुड़ा लिंक भेजकर व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा. शुरुआत में मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता, फिर फर्जी ट्रेडिंग एप्लीकेशन के जरिए बड़ी कंपनियों के शेयर सस्ते में दिलाने का झांसा दिया. बाद में पेमेंट नहीं करने पर नुकसान का दबाव बनाकर अलग अलग खातों में करीब 93 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए. एप्लीकेशन में करोड़ों का फायदा दिखता रहा, लेकिन पैसा निकालने पर कुछ नहीं मिला. मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की.

जांच के दौरान खातों को फ्रीज कर 10 लाख रुपए सुरक्षित किए. पड़ताल में सामने आया कि आरोपी कमीशन के बदले बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराकर ठगी को अंजाम देते थे और आपस में टेलीग्राम के जरिए जुड़े हुए थे. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें विशाल चौहान (बीड, महाराष्ट्र), गणेश (बीड, महाराष्ट्र), आशीष पंवार (देवास), नैवेध्य सिरोंजा (देवास) और रश्मिरंजन (पुरी, ओडिशा) शामिल हैं. थाना प्रभारी संतोष दुधी का कहना है कि सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य राज्यों में फैले नेटवर्क के और मामलों के खुलासे की संभावना है.

# गीताभवन क्षेत्र में कैफे में आग, सिलेंडर फटने से तेज धमाका

- मल्हारगंज में फ्लैट में आग लगने से मची अफरा-तफरी
- समय रहते टली जनहानि, लेकिन लाखों का नुकसान



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात आग की दो बड़ी घटनाएं हुईं. एक घटना गीताभवन क्षेत्र में हुई, जहां एक कैफे में भीषण आग के बीच सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ, जबकि दूसरी घटना मल्हारगंज में हुई, जहां एक फ्लैट में आग लगने से घरेलू सामान जलकर खाक हो गया. गनीमत रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई.**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, रात करीब 2.15 बजे गीताभवन मंदिर के पास स्थित कैफे में आग लगने की सूचना मिली. मौके पर पहुंची दमकल टीम आग बुझाने में जुटी ही थी कि अंदर रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. आग इतनी तेज थी कि कैफे का पूरा शेड और अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया. करीब दो टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया. सूचना मिलते ही पलासिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. इसी दौरान मल्हारगंज के गोपाल चौराहे के पास स्थित एक फ्लैट में भी आग भड़क उठी. फ्लैट में किराए से रहने वाला बंसल परिवार समय रहते बाहर निकल गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. आग में घर का अधिकांश सामान जल गया. दमकल टीम ने करीब 10 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया. दोनों ही मामलों में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.

# इंदौर में बेखौफ हुए चोर, घरों-फ्लैटों के ताले चटकाए

**इंदौर.** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने घरों और फ्लैटों को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान पार कर दिया. पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

लसूड़िया थाना क्षेत्र की स्वर्ण रेसिडेंसी (स्कीम 114) में रहने वाले ऋषिकेश निम्भोरकर के फ्लैट का दरवाजा खुला पाकर बदमाश अंदर घुस गए. आरोपी बैग सहित एसर कंपनी का लैपटॉप, चार्जर, हेडफोन, घड़ी, आई ग्लास और एसबीआई व कोटक बैंक के क्रेडिट कार्ड लेकर फरार हो गया. घटना सुबह करीब 7.35 बजे की है. सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बैग लेकर निकलते हुए नजर आया है. इसी थाना क्षेत्र के तलावली चांदा में विनोद कुमायु के घर से दिनदहाड़े मोबाइल फोन चोरी हो गया. सुबह 11 बजे टेबल पर रखा मोबाइल दोपहर 12 बजे तक गायब मिला, जिसे अज्ञात बदमाश ले उड़ा. वहीं चंदननगर थाना क्षेत्र के सिरपुर इलाके में सूने मकान को निशाना बनाया गया. फरियादी भागवंती ने पुलिस को बताया कि घर खाली होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने ताला तोड़ा और अंदर घुसकर अलमारी से सोने चांदी के आभूषण व करीब 5 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए. तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

### बच्चे के गले से सोने का लॉकेट उड़ाया

हीरानगर थाना क्षेत्र के वीणा नगर में दिनदहाड़े झपटमारी की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए. आरोपी नेहा जोशी ने राह चलते एक बच्चे को निशाना बनाते हुए उसके गले से सोने का लॉकेट झपट लिया और मौके से फरार हो गया. पुलिस ने मामले में नेहा जोशी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# अमेजन रिटर्न स्कैम: 14 लाख की धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड जयपुर से धराया



नव भारत न्यूज

**इंदौर. ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के जरिए सुनियोजित तरीके से ठगी करने वाले गिरोह का चंदन नगर पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें मुख्य आरोपी को जयपुर (राजस्थान) से पकड़कर इंदौर लाया है. गिरोह ने अमेजन से मंगाए गए एप्पल कंपनी के महंगे प्रोडक्ट बदलकर करीब 14 लाख रुपए की ठगी की थी.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि मामला तब सामने आया, जब अमेजन के डिलीवरी पार्टनर एनटेक्स कंपनी के अधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई थी, जांच में पता चला कि डिलीवरी बॉय दीपक मोहेर और उसके साथी फर्जी आईडी और वर्चुअल नंबर के जरिए एप्पल के महंगे प्रोडक्ट (आईपॉड, पेंसिल) ऑर्डर करते थे. डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह पहले से खरीदा गया नकली सामान पैक कर ऑर्डर कैंसिल दिखाकर कंपनी को वापस भेज दिया जाता था. पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी दिल्ली से डुप्लीकेट प्रोडक्ट खरीदते थे और इंदौर में फर्जी एड्रेस पर ऑर्डर मंगवाते थे. असली प्रोडक्ट को बस के जरिए जयपुर भेजा जाता था, जहां मास्टरमाइंड रितिक गुप्ता उसे दिल्ली के करोल बाग में बेचकर मुनाफा कमाता था. पुलिस ने रितिक को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.


**मास्टरमाइंड तक ऐसे पहुंची पुलिस:** चंदन नगर पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी, पुलिस ने पहले पालदा में रहने वाले 34 वर्षीय दीपक मोहेर को गिरफ्तार किया था, उसकी निशानदेही पर राजस्थान के जयपुर में रहने वाले 24 वर्षीय मास्टरमाइंड रितिक गुप्ता को तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जयपुर से दबोचा गया है.

## एक नजर में

**वर्षों से की जा रही है सिविल अस्पताल की मांग, लोग मंहगे निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर**

# मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है डेढ़ लाख की आबादी वाला खजराना

इंदौर के घनी आबादी वाले खजराना क्षेत्र में सिविल अस्पताल का न होना एक गंभीर समस्या है. वर्षों से लंबित इस मांग के कारण लाखों की आबादी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है, जिससे लोगों को दूरदराज के सरकारी या महंगे निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है. स्थानीय रहवासियों द्वारा वर्षों से अस्पताल की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं.




सुविधा के अभाव में निवासियों को आपातकालीन स्थिति में महंगे निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है. दूरदराज के सरकारी अस्पतालों (जैसे एमवाय अस्पताल) तक जाने में मरीजों को समय और पैसे की भारी दिक्कत होती है. क्षेत्रवासी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि खजराना में कम से कम 50-100 बिस्तरों वाला एक सिविल अस्पताल स्थापित किया जाए, ताकि उन्हें स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके, लेकिन इस मांग पर प्रशासन ध्यान ही नहीं दे रहा है. इससे रहवासियों में आक्रोश है. तेजी से विकसित हो रहे इंदौर शहर में बढ़ती आबादी के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग भी लगातार बढ़ रही है, खजराना क्षेत्र आज भी इस मूलभूत सुविधा से वंचित है. नगर निगम के वार्ड 38, 39 और 40 को समेटे इस क्षेत्र की आबादी करीब डेढ़ लाख है, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूर, निम्न आय वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार शामिल हैं. वर्तमान में छोटी बीमारियों से लेकर आपात स्थिति तक में लोगों को शहर के अन्य सरकारी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की परेशानी बढ़ती है. हालांकि शासन स्तर पर सिविल अस्पताल की योजना तैयार बताई जाती है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब तक इसका क्रियान्वयन नहीं हो सका है. क्षेत्रवासियों ने जल्द अस्पताल निर्माण की मांग की है.

### यह बोले रहवासी...



छोटी-छोटी बीमारी में भी दूर अस्पताल जाना पड़ता है, इसमें पैसे और समय दोनों की दिक्कत होती है. खजराना जैसे बड़े क्षेत्र में सिविल अस्पताल नहीं होना बहुत बड़ी परेशानी है. शासन को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए. - नदीम खान



यहां निवासरत लोग मजदूरी करके परिवार चलाते हैं, ऐसे में इलाज के लिए उन्हें दूर जाना मुश्किल हो जाता है. कई बार काम छोड़ना पड़ता है. अगर यहां सिविल अस्पताल बन जाए तो गरीब लोगों को सबसे ज्यादा राहत मिलेगी. - रेहान खान



खजराना की आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाएं उस अनुपात में नहीं बढ़ीं, आपात स्थिति में समय पर इलाज नहीं मिल पाता. प्रशासन को जल्द अस्पताल निर्माण शुरू करना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुविधा मिल सके. - रईस खान